## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल, रेफर

**सेन्हा-(लोहरदगा)।** बक्सीडीपा के समीप सड़क दुर्घटना बाइक तथा स्कूटी सवार तीन युवक घायल हो गये. घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा के समीप की बताया जा रहा है. बाइक और स्कूटी में आमने सामने की टक्कर में तीन युवक घायल हो गया. घायलों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की कुम्बाटोली निवासी संदीप मुंडा,रूपेश उरांव तथा रांची के कांके थाना क्षेत्र के सिंगरौल निवासी कृष्णा उरांव के रूप में किया गया है. तीनों घायल युवकों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. बताया जाता है कि बाइक सवार युवक अपनी पल्सर बाइक से तेज रफ्तार से लापरवाही के साथ बाइक से लोहरदगा से सेन्हा की ओर जा रहा था.

### हिट वेव जारी , प्रशासन मूकदर्शक: सतीश कुमार

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल मे हिट बेव का कहर जारी है. मनुष्य तो किसी तरह रह ले रहे हैं लेकिन बेजुबान जानवर को काफी परेशानी हो रही है. जल का सभी श्रोत सुख गए हैं इन सबके बीच प्रशासन की तरफ से कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है. आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में वन कटाई, पहाड़ चट्टान को खनन कर अवैध कमाई का जरिया बनाने व अंधाधुंध बालू का अबैध उठाव नदी नाले के अस्तित्व से खेलवाड कर पर्यावरण को खतरा मे डाला गया है.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर बजाज शो रुम के समीप शुक्रवार की रात हुई बाइक दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतक श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकी निवासी शोभी चंद्रवंशी का 29 वर्षीय पुत्र राकेश चंद्रवंशी है. दुर्घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर पुलिस ने उसे घटनास्थल से उठाकर इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शनिवार सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया.

### बांस के बखार के नीचे दब कर महिला की मौत

**लातेहार।** शनिवार की दोपहर में अचानक तेज बारिश व आंधी तूफान चली. जिले के मनिका प्रखंड के बरियातू गांव में की एक महिला सोनी देवी आंधी से बचने के लिए बांस के बखार के नीचे खड़ी थी. इसी दौरान तेज आंधी के कारण बांस का बखार उखड़ गया और उसके नीचे दबने से महिला की मौत हो गई. यह देख कर आसपास के लोग दौड़े और बांस को हटाया लेकिन तब तक महिला की मौत हो गई थी. लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा.

### मनिका सीओ संतोष शुक्ला को डीसी ने किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बेहतर कार्य के लिए मनिका प्रखंड के अंचल पदाधिकारी संतोष शुक्ला को लातेहार डीसी गरिमा सिंह ने सम्मानित किया है. श्री शुक्ला को विशेष रूप से जोनल मजिस्ट्रेट मनिका ब्लॉक में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान मिला है. उपायुक्त गरिमा सिंह वह एसपी अंजनी अंजन ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र दिया. सम्मान पाने के बाद सीओ श्री शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व चुनाव में हम सभी की भागीदारी जरूरी है. उन्होंने कहा कि उपयुक्त गरिमा सिंह के नेतृत्व में हमें बेहतर कार्य करने का मौका मिला है.

#### लातेहार के होटल कार्निवल में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

# आचार्यकुलम के दो बच्चों ने लोगों को कराया योगाभ्यास

**संवाददाता। लातेहार**

शहर के होटल द कार्निवल में पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित आचार्यकुलम, हरिद्वार की छात्रा यति यशवी और यथार्थ शाह ने तीन दिवसीय ( 1 से 3 जून को सुबह छह से आठ बजे तक) योग शिविर का आयोजन किया है.

शिविर का शुभारंभ वयोवृद्ध समाज सेवी और होटल कार्निवल के प्रोपराइटर शंभू शरण प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया. इसके बाद यति यशवी और यथार्थ शाह ने शिविर में आये लोगों को योगाभ्यास कराया. दोनों बच्चों ने एक से बढ़कर एक मंत्रोचारण करके लोगों को मंत्र मुग्ध किया. साथ ही लोगों को योग के अनगिनत फायदे से भी अवगत कराया. मालूम हो कि यति यशवी आचार्य कुलम, हरिद्वार में आठवीं की छात्रा है. जबकि उनका भाई यथार्थ शाह छठे क्लास में पढ़ता है.



दीप प्रज्जवलित कर योग शिविर का शुभारंभ करते लोग.

**स्वामी जी के निर्देशानुसार, दोनों लोगों में योग के प्रति उत्साह का कर रहे संचार :** मौके पर यशवी ने कहा कि स्वस्थ तन और मन के लिए योग करना आवश्यक है. यशवी ने लोगों के बीच आचार्य रामदेव महाराज के संदेशों को पहुंचाया. उन्होंने बताया कि गर्मी की छुट्टी में दोनों भाई-बहन अपने ननिहाल आये हैं. स्वामी जी के निर्देशानुसार, वे लोगों में योग के प्रति उत्साह का संचार कर रहे हैं. पतंजलि जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी में दोनों बच्चे सदुपयोग तो कर ही रहे हैं. साथ ही लोगों के बीच में योग के प्रति उत्साह बढ़ा रहे हैं.

**खास बातें**

- एक से बढ़कर एक मंत्रोच्चार करके लोगों को किया मंत्रमुग्ध
- यति यशवी व यथार्थ शाह ने शिविर में योगाभ्यास कराया

**योग शिविर में इन लोगों ने लिया भाग :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से पतंजलि की जिला इकाई की कोषाध्यक्ष कमला गुप्ता, पत्रकार बद्री प्रसाद, समाजसेवी राजू रंजन प्रसाद, वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार ,नवीन कुमार गुप्ता, मीना देवी, रेखा देवी, अवनीश शाह, पम्मी गुप्ता,नवीन शाह ,विकास रंजन, वैदेही रंजन, सतीश साहू, विजेता गुप्ता, डॉ मोना रंजन, अमूल्या रंजन, भोला शाह, वेदांश रंजन, छोटू गुप्ता समेत बड़ी संख्या में बच्चों और उनके अभिवावकों ने भाग लिया.

#### गढ़वा के मझिआंव में पारा 47 डिग्री के पार, लोग घरों में दुबके

# मझिआंव में लू लगने से आधा दर्जन लोगों की मौत

**संवाददाता। मझिआंव(गढ़वा)**

गढ़वा जिले में इन दिनों तापमान सबसे अधिक मापी गई है. अभी तक तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है. 46 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ रहा. अब तक के सर्वाधिक तापमान 48 डिग्री था. जिसके कारण लू के चपेट में आने से मझिआंव थाना क्षेत्र में अभी तक छह लोग की मौत हो चुकी है. इधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 मझिआंव कला में 68 वर्षीय डोमन बिंद की मौत लू लगने के कारण हो गई. मृतक डोमन बेहद ही गरीब व्यक्ति थे. बकरी पालन कर वे अपने परिवार का भरण पोषण करते थे. वहीं दूसरी घटना लोहरपुरवा गांव में स्व. विश्वनाथ माली के 45 वर्षीय पुत्र मनोज माली की मौत हो गई. तीसरी घटना थाना क्षेत्र के चंदना गांव में सदरूद्दीन खान के 60 वर्षीय पुत्र सलीम खान की मौत हो गई. इसी प्रकार चौथी घटना थाना क्षेत्र के मोरबे गांव के चिरकुट टोला में स्व. टमनू उरांव के 55 वर्षीय पुत्र देवनारायण उरांव की हो गई. विदित हो कि शुक्रवार को बिडंडा गांव में 56 वर्षीय विजय मिश्रा एवं अखौरी तहले गांव में 28 वर्षीय नंदन सिन्हा की मौत लू लगने के कारण हो गई है. अगर आने वाले समय में तापमान में गिरावट नहीं हुई तो हीट वेव के चपेट में आने से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है. इधर लू लगने से मौत के मामले में पूछे जाने पर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने बताया कि जिनका मनरेगा तहत जॉब कार्ड होगा और मास्टर रोल चल रहा होगा उनको एवं ए-श्रम कार्ड जिनका होगा उनको सरकारी प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिया जाएगा. साथ ही उन्होंने कहा कि जिन लोगों को बैंक खाता में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़े होंगे उन्हें भी लाभ मिलेगा. और ऐसे भी मैं प्रयास कर रहा हूं कि इन लोगों को सरकारी सहयोग ज्यादा से ज्यादा मिल सके. अंचल अधिकारी शंभू राम ने कहा कि हीट वेव की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास सरकारी प्रावधान के अनुसार मुहैया कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके लिए मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मेडिकल प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करें. इधर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक शशांक कुमार ने कहा कि जिन लोगों की मृत्यु हुई है और उनके बैंक खाता से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जुड़ा होगा तो उन्हें बैंक बीमा कंपनी के द्वारा 2 लाख रुपए का सहयोग राशि दिया जाएगा.



घटना की जानकारी लेते जनप्रतिनिधि और मौके पर जुटी भीड़.

### हरिहरगंज में लू लगने से महिला की मौत

**हरिहरगंज( पलामू )।** प्रखंड के ढाब कला गांव निवासी रामराज राम के 50 वर्षीय पत्नी शिला देवी की लू लगने से शनिवार की सुबह मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि बीते शुक्रवार को बकरी चराने के दौरान उसे लू लग गई थी. लू की चपेट मे आने के बाद उसे बचाने के लिए परिवार वालों ने काफी प्रयास किया. बाबजूद इसके उसे नहीं बचाया जा सका. मृतका की असामयिक मौत से आहत चार बेटियों समेत दो पुत्रों का हाल रो रोकर बुरा है. ग्रामीणों ने बताया कि मृतका अत्यंत ही निर्धन और गरीब थीं जो बकरी पालन कर किसी तरह से घर परिवारों का जीवन यापन में सहायक थी. उसकी असामयिक मौत को वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल के सुनील पासवान, जिला इकाई के अध्यक्ष संदीप पासवान सहित संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने दुखद बताया.

### प्यास बुझाने आये हिरण की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू के नौडीहा बाजार में शनिवार अहले सुबह एक हिरण की मौत हो गयी . किसी अज्ञात वाहन ने उसे तब कुचल दिया था. जब वह पानी के लिए एक चापानल की ओर जा रहा था . यह घटना नौडीहा बाजार के खालो की पान की दुकान के समीप अहले सुबह करीब 4 बजे की है .

**वन विभाग ने मृत हिरण के शव को दफनाया :** हिरण की मौत की सूचना के बाद वन अधिकारी और सिपाही घटना स्थल पर पहुंचे . हिरण का शव अपने कब्जे में लिया जिसे बाद में दफना दिया गया . वन रक्षक राहुल कुमार ने बताया कि मृतक हिरण के शव पर कुत्ता के काटने के निशान हैं . प्रतीत होता है कि पानी के लिए भटक रहा यह हिरण जंगल से गांव और शहर की ओर आया और हादसे का शिकार हो गया .

### नक्सली मृत्युंजय भुइंया के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बरवाडीह (लातेहार)।** गढ़वा जिला के भंडरिया थाना कांड संख्या 77/2019 एवं 79/2019 के अभियुक्त नक्सली मृत्युंजय भुइंया उर्फ मृत्युंजय जी उर्फ फ्रेस भुइंया उर्फ अवधेश जी, पिता बाबूलाल भुइंया के घर एवं गांव के चौक पर इस्तेहार चिपकाया गया. छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि नक्सली मृत्युंजय भुइंया लातेहार जिला के छिपादोहर थाना क्षेत्र के त चुंगरू पंचायत के ग्राम नवाडीह का रहने वाला है. वह गढ़वा जिला के भंडरिया थाना में कांड संख्या 77/19 एवं 79/19 का अभियुक्त है.

### लातेहार में ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर हो रही ठगी

**लातेहार।** भूमि संरक्षण कार्यालय या कृषि विभाग से ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर ठगी हो रही है. इसको लेकर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक शुक्ला ने लोगों को अलर्ट किया है. विवेक शुक्ला ने बताया कि ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोग भूमि संरक्षण कार्यालय या कृषि विभाग से ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर फर्जी कॉल कर रहे हैं. वे उनसे या तो पैसे की डिमांड कर रहे हैं या फिर उनके बैंक अकाउंट कॉन्फिडेन्शियल जानकारी प्राप्त कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सारे कॉल फर्जी है. किसानों को गुमराह कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से कॉल किये जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि विभाग की तरफ से इस तरह का कॉल नहीं किया जाता है. विवेक शुक्ला ने कहा कि किसानों को सावधान किया. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप कार्यालय से सीधा संपर्क कर सकते हैं.

#### बिजली के तार व खंभा भी क्षतिग्रस्त, बिजली सेवा बाधित

## लातेहार में आंधी ने मचायी तबाही, कार के ऊपर गिरा पेड़



आंधी-तूफान से सदर अस्पताल के पास गिरा पेड़.

**आशीष टैगोर। लातेहार**

शनिवार की दोपहर के बाद अचानक लातेहार एवं आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी व तूफान के बारिश शुरू हो गयी. आंधी व तूफान में जिला मुख्यालय समेंत आसपास के ग्रामीण इलाकों में कई पेड़ गिर गये. एनएच 75 पर ब्रह्मणी गांव के पास एक विशालकाय पेड़ एक कार (जेएच1 सीजी-5985 ) में गिर गयी. हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी. कार लातेहार की बतायी जा रही है. वहीं सदर प्रखंड के पांडेयूपरा पंचायत के बुचीदाड़ी ग्राम में एक पेड़ गिर जाने से दब कर छतन उरांव के एक भैंस की मौत हो गयी. जबकि एक अन्य जख्मी हो गयी. इसी गांव में यूरुस करकेट्टा के घर और ललमटिया डैम के शौचालय के पास अजय उरांव के घर पर एक विशाल पेड़ गिर गया. घर के ऊपर गुज़रे 11 हज़ार वोल्ट का बिजली का तार भी टूट गया है. इससे शहर में बिजली सेवा बाधित हो गयी.

### वन विभाग ने होरिलांग से छह बोरा बीड़ी पत्ता जब्त किया

**बरवाडीह (लातेहार)।** शनिवार की सुबह वन विभाग की टीम ने बरवाडीह थाना के छेचा पंचायत के होरिलांग महुआ दामर जंगल से अवैध तरीके से संचालित बीड़ी पत्ता के खलिहान में छापेमारी किया. इस दौरान वन विभाग की टीम ने छह बोरा बीड़ी पत्ता को जब्त किया. छापेमारी दल में शामिल वनपाल रजनीश सिंह ने बताया की वरीय पदाधिकारी को होरिलांग महुआडांड़ में बीड़ी पत्ता के अवैध खलिहान संचालित होने की सूचना मिली थी. सूचना के आलोक में छापामारी की गयी. उन्होंने बताया कि इसकी जांच भी की जा रही है कि इस कारोबार में कौन–कौन लोग शामिल है. उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. वनपाल ने यह भी बताया की विभाग के द्वारा लगातार बीड़ी पत्ता को लेकर मिल रही गुप्त सूचना पर कार्रवाई की जा रही है. छापेमारी अभियान में अमृत लाल और मो इमरान अहमद समेत वन विभाग के कर्मी शामिल थे.

## चेतावनी के बाद भी सड़कों पर लावारिस घूम रहे मवेशी



सड़क पर लावारिस घूमते पशु.

**संवाददाता। लातेहार**

नगर पंचायत के द्वारा सड़कों पर मवेशियों को खुला नहीं छोड़ने की चेतावनी लगातार दी जा रही है. इसे लेकर व्यापक माइकिंग कराई जा रही है. बावजूद इसके पशुधन पालकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है. कई इलाकों में अब भी सड़कों पर मवेशी खुला घूम रहे हैं. शनिवार को शहर के मुख्य पथ पर बालिका उच्च विद्यालके पास ऐसा ही नजारा देखने को मिला. झुंड में मवेशी सड़कों पर घूम रहे थे. इस दौरान वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

**मवेशी को जब्त कर नीलामी की जायेगी : नगर प्रशासक**

उन्होंने आम सूचना में निर्देश दिया है कि अक्सर देखा जाता है पशुधन मालिक रात में गाय, बैल, बछड़े व सूअर आदि को सड़कों पर छोड़ देते हैं . इस कारण आये दिन सड़क जाम व सड़क दुर्घटनाएं होती है . आये दिन इसकी शिकायत नगर पंचायत को मिलती है . सड़क दुर्घटनाओं में पशुधन की भी हानि होती है . मृत पशुओं के शवों के निष्पादन में भी नगर पंचायत को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है .

## न्यूज अपडेट

### वोटों की गिनती चार को, कर्मियों का मिला प्रशिक्षण



मतगणना का प्रशिक्षण लेते मतदानकर्मी

**मेदिनीनगर।** विधिवत व निष्पक्ष मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर स्थानीय गिरिवर प्लसटू उवि में 690 मतगणनाकर्मियों को त्रुटिरहित मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया. इसके अंतर्गत मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक एवं सूक्ष्म प्रेक्षकों को उनके कार्यों के अनुरूप गणना एवं प्रपत्र संधारण के तरीके बताये गये. सदर डीसीएलआर प्यारेलाल व छतरपुर डीसीएलआर विजय कुमार केरकेट्टा ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया.

### पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



पौधरोपण करते वनपाल कृष्णकांत

**पालकोट ।** आगामी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर शुक्रवार को पालकोट में पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता अभियान चलाया गया. लोगों को पौधे लगाने, पेड़ों की रक्षा करने, हरा पेड़ न काटने, नदी तालाब को साफ रखने, जंगल में आग नहीं लगाने का संदेश दिया गया. तालाब के इर्द गिर्द श्रमदान से सफाई की गई. मिट्टी को समतल किया गया. वनपाल कृष्णकांत महतो ने कहा कि पर्यावरण दिवस से पहले डीएफओ उमेश साहनी के निर्देश पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है.

### विधानसभा वार होगा लोकसभा चुनाव की मतगणना

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने शनिवार को संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर चार जून को पालिटेक्निक कालेज गुमला में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र का होने वाले मतगणना की हुई तैयारी की जानकारी दी. निर्वाचन आयोग से जारी गाइडलाइन की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि मतगणना स्थल में थ्री लेयर की सिक्योरिटी दी गई है. चार जून दिन मंगलवार को पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी.इसके लिए विधान सभा वार मतगणना कक्ष बनाए गए हैं. जिनमें मांडर विधानसभा के लिए 22 टेबल, सिसई, गुमला, बिशुनपुर और लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के लिए 18-18 टेबल बनाए गए हैं.

### पहले पर्यावरण संरक्षण जरूरी: अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** प्रकृति हमें सिर्फ जीवन जीने की कला ही नहीं सिखाती बल्कि यह हमारे जीवन की जड़ है. प्रकृति प्रदत्त बहुमूल्य रत्नों के सदुपयोग से हम स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन का निर्वहन करते हैं. उक्त बातें संत मरियम स्कूल के अध्यक्ष अविनाश देव ने पौधा वितरण मौके पर कही. उन्होंने कहा कि जब मनुष्य स्वार्थ के खातिर पर्यावरण से खिलवाड़ करने लग जाता है तो प्रकृति अपना विकराल रूप धारण करती है. पृथ्वी पर बढ़ते तापमान को लेकर कई देशों में त्राहिमाम मचा हुआ है. कई जगहों पर हाई अलर्ट कर दिया गया है. मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, पूजा मैम, समन्वयक रौशन राज, रिजवाना परवीन ,विकास विश्वकर्मा, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडे, ऋषि शर्मा आदि मौजूद थे.

### गर्मी से राहत के लिए शंख नदी में जल क्रीड़ा करते बच्चे



शंख नदी में स्नान का आनंद लेते बच्चे

**गुमला।** भीषण गर्मी में धरती तप रही है. सूर्य आग उगल रहा है. लू के थपेड़ों से जनजीवन ठहर सा गया है. रायडीह में तापमान 41 डिग्री है. राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 43 गुमला से रायडीह ,मांझा टोली होता जशपुर (छत्तीसगढ़) को जोड़ती है. गर्मी के कारण दोपहर में यह सड़क वीरान हो जाती है. सुबह 5 से 9 बजे तक और शाम के पांच बजे के बाद ही लोग घर से बाहर आ रहे हैं. गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे हीरादह धाम शंख नदी जल क्रीड़ा करते देखे गए. पत्थर से पानी में छलांग लगाकर करतब कर रहे थे और दिन भी मौज मस्ती कर गर्मी से राहत महसूस कर रहे थे.

### हथियार के साथ एक धराया, तीन पर एफआईआर

**मेदिनीनगर।** दुबियाखांड़-बेतला मार्ग पर भुसड़िया गांव स्थित डीएवी इंजीनीयरिंग कॉलेज के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक को पकड़ा है. पकड़ा गया व्यक्ति पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसैता गांव निवासी विकास कुमार यादव पिता आलोक कुमार यादव है. उसके पास से पंछी मार्का अंकित एक आटोमेटिक पिस्टल, टेक्नो कम्पनी का एक मोबाईल व बिना नम्बर का एक सुपर स्पलेण्डर बाइक बरामद किया गया है. इस संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी अंकित कुमार ने बताया कि पुलिस कल शाम इंजीनियरिंग कॉलेज के पास चेकिंग अभियान चला रही थी. इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक आते दिखे. वे लोग वाहनों की चेकिंग कर रही पुलिस को देखकर भागने लगे. पुलिस ने उन्हें भागता देख मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को पकड़ लिया जबकि दो अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे.

### लोहरदगा में अध्ययन आईटी कंपनी की नई शाखा खुली

**लोहरदगा।** अध्ययन आईटी कंपनी के डायरेक्टर कुणाल सोनू ने झारखंड के लोहरदगा में अपनी शाखा खोल दी है. श्री सोनू, जो पिछले 12 वर्षों से पुणे में अपनी कंपनी चला रहे हैं. उनका लक्ष्य अपने गृह राज्य झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना है. उन्होंने बताया कि अध्ययन आईटी कंपनी लोहरदगा में विश्व स्तरीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ एक अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र प्रदान करती है. 20 छात्रों का चयन (सुपर-20) नामक एक विशेष बैच में किया जाएगा, जहाँ उन्हें आईटी उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक सभी कौशल और ज्ञान प्रदान किया जाएगा.उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल उम्मीदवारों को भारत और विदेशों में नौकरी के अवसरों की गारंटी दी जाएगी. अध्ययन आईटी कंपनी का एक प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड है, जिसमें 10,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें दुनिया भर में नौकरी मिली है.

### योगेन्द्र यादव हत्याकांड के पीछे जमीन विवाद : एसपी

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के असनौर में योगेंद्र यादव हत्याकांड के पीछे की वजह जमीन विवाद था . पुलिस पदाधिकारियों के अनुसार असनौर का एक व्यक्ति जो योगेंद्र यादव का पड़ोसी है, उसका वन भूमि पर कब्जा है . योगेंद्र यादव अपनी जमीन की मापी करवाना चाहता था . पड़ोसी को यह डर सताने लगा था कि जमीन की मापी के बाद वन भूमि पर कब्जा की बात निकाल कर सामने आ जाएगी . बाद में उसे जमीन से बेदखल कर दिया जाएगा. यह घटना पाटन थाना क्षेत्र के लोइंगा गांव के असनौर टोला के युवक योगेंद्र यादव को अपराधियों में गोली मार दी.घटना शुक्रवार की देर शाम करीब 7:15 बजे की है. जानकारी के अनुसार योगेंद्र यादव अपने घर पर थे . तीन बाइक पर सवार करीब छह अपराधी उसे घर पर पहुंचे और हथियार का भय दिखा कर उन्हें अपने साथ बाइक पर बैठा लिया.

**कार्रवाई** पलामू में अवैध बालू उठाव और भंडारण पर जिला प्रशासन का चला चाबुक

# बालू और कोयला लदी दर्जनाधिक गाड़ियां जब्त, पांच गिरफ्तार

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

पलामू जिले में अवैध बालू उठाव पर सरकार की हो रही लगातार फजीहत के बाद आला कमान के निर्देश पर पलामू पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाईयों की झड़ी लगा दी है . हांलाकि ये कार्रवाईयां तब हो रही हैं जब एनजीटी द्वारा बालू उठाव के लिए रोक की निर्धारित 10 जून करीब आ गया है. हांलाकि दूसरा पक्ष यह भी है कि एक लंबे अंतराल के बाद अवैध बालू उठाव पर इतनी कार्रवाईयां देखने को मिल रहीं हैं .गुरूवार की रात से लेकर शुक्रवार तक पलामू जिले में अवैध बालू और कोयला लदे दर्जन भर गाड़ियां पकड़ी गयीं हैं. पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. पलामू के चैनपुर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने सलतुआ से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है. कार्रवाई में राजस्व उप निरीक्षक करण कुमार भी शामिल थे. वहीं कोल्हुआ घाट से बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन संख्या JH03AB 5178 को भी जब्त किया गया है. हुसैनाबाद के बड़ेपुर व दंगवार बालू घाटों का निरीक्षण करने निकले सीओ पंकज कुमार ने छर्री लड़ा ओवरलोड बिना नंबर का ट्रैक्टर पकड़ा. बिना चालान छर्री ट्रैक्टर पर ओवरलोड ले जाया जा रहा था जिसे सीओ ने बुधुआ मोड के समीप पकड़ा. सीओ ने जब्त ट्रैक्टर को दंगवार ओपी को सौंप दिया है.

जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के रजडेरवा में अवैध कोयला लदा हुआ चार ट्रक जब्त किया गया है एवं इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. रामगढ़ थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है. तरहसी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है. छतरपुर थाना क्षेत्र से भी अवैध बालू लदा हुआ दो ट्रैक्टर जब्त किया गया है .हुसैनाबाद के बड़ेपुर व दंगवार बालू घाटों का निरक्षण करने निकले सीओ पंकज कुमार ने छर्री लड़ा ओवरलोड बिना नंबर का ट्रैक्टर पकड़ा था . बिना चालान छर्री ट्रैक्टर पर ओवरलोड ले जाया जा रहा था . इसी क्रम में बुधुआ मोड के समीप सीओ ने पकड़ा . सीओ ने जब्त ट्रैक्टर को दंगवार ओपी को सौंप दिया है . आगे की कार्रवाई की जा रही है .पाटन के सिक्की के पास अवैध से रूप से बालू का उठाव करते दो ट्रैक्टर और सदर प्रखंड के जोरकट में बालू का उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया है . अवैध बालू उठाव के विरूद्ध यह कार्रवाई सदर एसडीएम अनुराग तिवारी ने की है .



अवैध बालू ढोते ट्रैक्टर.

# पलामू में हर दिन जल रहे 10 ट्रांसफॉर्मर

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

हुसैनाबाद नगर पंचायत के मुख्य बाजार में शुक्रवार को महावीर भवन और गांधी चौक के बीच बिजली का केबल तार जल कर पोल से नीचे गिर गया. जमीन पर गिरते ही चिंगारी निकलने लगी और लोग डरकर इधर उधर भागने लगे. आनन फानन में स्थानीय लोगों ने बिजली सप्लाई बंद कराई. जिससे कोई बड़ी घटना नहीं हुई.

**लोड के कारण आग लग गयी :** नौडीहा बाजार प्रखंड बाजार क्षेत्र के श्रीराम चौक के पास 200 केवीए के ट्रांसफॉर्मर से निकाले गये केबल में अत्यधिक लोड के कारण आग लग गयी. स्थानीय लोगों ने अगर तत्काल सक्रियता न दिखाई होती तो पास स्थित एक दुकान और दो घर आग की चपेट में आ जाते .

इससे पूर्व तार टूटकर भीड़ भाड़ वाले स्थान पर गिरने की घटना पांकी, हरिहरगंज समेत कई शहरों में हो चुकी है.

**किशुनपुर बाजार में टूट कर गिरा बिजली का तार :** पाटन पलामू पाटन प्रखंड के किशनपुर मुख्य बाजार भारतीय स्टेट बैंक किशुनपुर शाखा की ओर जाने वाली बिजली का तार टूट कर गिर गया. जहां लोगो के द्वारा बताया गया कि अधिक गर्मी के कारण तार टूट कर गिर रहे हैं. लोगों ने उसी रात बिजली बंद कराई जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया.



मनरेगा योजना की जांच करते मनरेगा लोकपाल.

### सारंडा के ग्रामीणों का आर्थिक स्रोत चिरौंजी की घट रही पैदावार से चिंता बढ़ी

# ग्रामीणों को एक डिब्बा चिरौंजी के बदले मिल रहा 30 डिब्बा चावल

शैलेश सिंह। किरीबुरु

सारंडा के ग्रामीणों के लिये जीविका व आर्थिक उन्नति का मुख्य आधार चिरौंजी (चहार) का बीज है. शनिवार को छोटानागरा में साप्ताहिक हाट में बाहरी व्यापारियों ने सारंडा के ग्रामीणों से चिरौंजी की खरीद चावल के बदले की. चहार के बीज से चिरौंजी निकालने का सिलसिला पिछले कुछ दिनों से भारी पैमाने पर जारी है. किरीबुरु- मनोहरपुर मुख्य सड़क या सारंडा के विभिन्न ग्रामीण सड़कों पर महिलाओं व बच्चों को पत्थर आदि के सहारे चहार के बीज से चिरौंजी निकालते इस भीषण गर्मी में आसानी से देखा जा सकता है. चिरौंजी की पर्याप्त कीमत ग्रामीणों को बाहरी व्यापारियों से नहीं मिल रही है.

छोटानागरा साप्ताहिक हाट में व्यापारी एक डिब्बा चिरौंजी के बदले 30 डब्बा निम्न स्तर का चावल ग्रामीणों को दे रहे थे. पिछले वर्ष यह दर 15-18 डिब्बे था. इस बार 30 डिब्बा चावल मिलने की मुख्य वजह चिरौंजी का उत्पादन कम एवं मांग अधिक होना है. एक किलो चिरौंजी की कीमत बाजार में 1500-3000 रुपये (क्वालिटी अनुसार) के बीच है. ऐसे में ग्रामीण भारी पैमाने पर बाहरी व्यापारियों के हाथों ठगे जा रहे हैं. अमेजन पर इसकी ऑनलाइन कीमत 315 रुपये प्रति 100 ग्राम दिखा रही है.



चहार के फल से चिरौंजी निकालने व इसकी बाजार में भारी मांग की खबर के बाद से सारंडा के ग्रामीण इस पेड़ का न सिर्फ संरक्षण कर रहे हैं, बल्कि अपने गांव क्षेत्र के तमाम पेड़ों पर कब्जा जमा लिया है. इस पेड़ को काटने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. चिरौंजी एक पौष्टिक मेवा है, जिसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन पाया जाता है. बनारस का मशहूर पान से लेकर मिठाई, खीर, पुलाव व अन्य खाद्य पदार्थों में पौष्टिकता हेतु इसका निरंतर उपयोग किया जाता है. सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने बताया कि सरकार व वन विभाग के स्तर पर वन उत्पाद को खरीदने हेतु सारंडा में स्थायी क्रय-विक्रय केन्द्र नहीं खोले जाने की वजह से ग्रामीणों को वनोत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है.

वर्षों पूर्व गुआ के सेवानिवृत्त रेंजर जीएल भगत के प्रयास से सारंडा स्थित सैडल चौक पर वनोत्पाद को खरीदने हेतु क्रय-विक्रय केन्द्र खोला गया था, जिसका उद्घाटन झारखंड राज्य के पूर्व पीसीसीएफ ने किया था. लेकिन वह सफेद हाथी साबित हुआ.

अगर वन विभाग चिरौंजी का पेड़ सारंडा के खाली भाग व ग्रामीणों की भूमि पर लगाती है तो हम उसका संरक्षण करेंगे. यह हमारी आर्थिक उन्नति का स्रोत बनेगी. सारंडा चिरौंजी का बड़ा उत्पादन हब बन सकता है. छोटानागरा निवासी सुसेन गोप ने कहा कि एक पेड़ से लगभग 5 से 10 किलो तक चिरौंजी निकलता है. यह पेड़ अगर सारंडा में भारी तादाद में लगाया जाये तो पर्यावरण के साथ ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति होगी. चहार के बीज से चिरौंजी निकालने का प्रोसेसिंग प्लांट भी सारंडा क्षेत्र में लगा दिया जाये तो चिरौंजी निकालना आसान हो जायेगा. इससे अन्य ग्रामीणों को भी रोजगार मिलेगा और राज्य के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी.

- उत्पादन घटने से ग्रामीणों को हो रहा भारी नुकसान
- एक पेड़ से 5 से 10 किलो निकलता है चिरौंजी
- वन विभाग चिरौंजी का पेड़ लगाये तो सारंडा बनेगा हब
- क्रय-विक्रय केंद्र खोलने पर ग्रामीणों को मिलेगा उचित मूल्य

#### 10 वर्ष पूर्व तक ग्रामीण नहीं जानते थे चिरौंजी का महत्व

उल्लेखनीय है कि सारंडा, कोल्हान एवं पोड़ाहाट समेत झारखंड के तमाम जंगल चिरौंजी (स्थानीय भाषा में चहार) का प्राकृतिक उत्पादन हब बन सकता है. अगर झारखंड सरकार व वन विभाग इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करे तो चहार का पेड़ को झारखंड की जलवायु व मौसम काफी भाता है.

यही कारण है कि यहां के जंगलों में यह स्वतः उगता है. यह भारी तादाद में यहां पाया जाता है. 10 वर्ष पूर्व तक वनों में रहने वाले वनवासियों को चिरौंजी की गुणवत्ता व उपयोगिता के बारे में कुछ भी पता नहीं था.



गर्मी के मौसम में चहार के पके फलों को खाने के लिये शहरों और गांवों के बच्चे व अन्य लोग जंगल में विशेष रूप से जाते थे. चहार के पक्के खट्टे-मीठे लगने वाले फल को खाकर इसके बीज को फेंक देते थे.

इसके बीज के अन्दर सफेद रंग का निकलने वाला फल ही चिरौंजी कहा जाता है. चहार के पके फल हाट-बाजार व सड़क किनारे भी लोग बेचते हैं.

## कुमारडुंगी में लू से शिक्षक की मौत, पारा 44 डिग्री

संवाददाता। चाईबासा



पश्चिमी सिंहभूम में तापमान 44 डिग्री होने से लोगों का घर से निकलना भी बंद हो गया है. सदर अस्पताल चाईबासा में मरीज के लिये बेड नहीं मिल रहा है. कुमारडुंगी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छोटा रायकमान के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार भेंगरा का लू लगने से मौत हो गई. ग्रीष्म अवकाश के बीच 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है. शिक्षक बुधवार को परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए खूंटी से मोटरसाइकिल से अपने विद्यालय गए. गुरुवार को खूंटी लौटने के बाद घर में तबीयत बिगड़ने से गिर गए. उन्हें तत्काल खूंटी अस्पताल में भर्ती किया गया. शुक्रवार को 2 बजे अपराह्न में उनका देहांत हो गया.

करीब 45 वर्षीय शादीशुदा संजय कुमार 2015 बैच के शिक्षक थे. वे कर्तव्यनिष्ठ, हंसमुख और मिलनसार व्यक्ति थे. संजय कुमार भेंगरा के अचानक निधन से जिले के शिक्षकों में कृष्णा देवगम,दामु सुंडी,संजय हेरेंज, नारायण सिरका, दुर्गाचरण तुबिद, राजेन्द्र बिरुवा, योगेश सामड, अमन नाग, क्लेमेंट मिंज ,ललित स्वांसी, प्रभु सहाय बुढ़ आदि ने शोक व्यक्त किया है. शिक्षकों ने कहा कि हमने एक कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार व्यक्ति को अचानक खो दिया है.

इस बीच पश्चिमी सिंहभूम में जिस तरह से निरंतर तापमान बढ़ते जा रहा है उसे देखते हुए सदर अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने भी आम जनता से अपील की है कि घर से कम निकलें और अधिक से अधिक पानी का सेवन करते रहें. सिविल सर्जन ने आदेश जारी कर गाइडलाइन भी बताया और कहा कि बाहर कम रहें जरूरत के आधार पर ही घर से निकलें ताकि गर्मी से बचा जा सके. तापमान निरंतर बढ़ते जा रहा है इसका असर लोगों पर पड़ सकता है.

## चाईबासा की बेटी वर्षा अरोड़ा ने मिस नोएडा का खिताब जीता



**चाईबासा** । दिल्ली के नोएडा में आयोजित मॉडलिंग प्रतियोगिता में चाईबासा शहर की बेटी वर्षा अरोड़ा ने मिस नोएडा का खिताब जीतकर पूरे शहर को गौरवान्वित किया है. वह चाईबासा के महादेव कॉलोनी की रहने वाली है. वह अपनी प्रतिभा के बल पर इस मुकाम तक पहुंची है. मॉडलिंग प्रतियोगिता में पूरे देश से प्रतिभागियों ने भाग लिया था. जिसमें नव्य दृश्य के द्वारा आयोजित फैशन शो इंडिया 2024 लगातार प्रयास के बाद वर्षा आरोडा मिस नोएडा बनी.

इससे पूर्व वर्षा आरोड़ा ने नव्य दृश्य के मॉडलिंग शो में मिस ब्यूटीफुल का खिताब जीत चुकी है. वर्षा की मॉडलिंग की शुरुआत चाईबासा में आयोजित केपीसी मूवीस इंडिया के शो से शुरु हुई थी. शो चैलेंजर सीजन 2 प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था. वर्षा ने बताया कि उसे बचपन से ही मॉडलिंग का शौक है जो अब दिल्ली में रहकर पूरा कर रही है और इसे करियर बनाना चाहती है. उसकी सफलता से सभी खुश हैं. इस कामयाबी के लिए केपीसी मूवीस इंडिया के डायरेक्टर तिलक वर्मा और उसके परिवार वालों ने उसे शुभकामना दी.

### विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में नहीं मिल रहा पानी

# कासेया पंचायत में जल संकट, पंप हाउस का मोटर दो माह से खराब, नदी से ला रहे पानी

संवाददाता।चाईबासा/तांतनगर


तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगबिल स्थित तोरलो नदी पर बना पंप हाउस का मोटर पिछले दो माह से खराब पड़ी है. इस गरमी से पयेजल का संकट बढ़ गया है. लोग पानी को लेकर परेशान है. सरकारी सुविधा से पूरी तरह वंचित दिख रहे है. मोटर खराब होने से कासेया पंचायत के गांवों पेयजलापूर्ति बंद है. पेयजलापूर्ति बंद होने पंचायत के ग्रामीणों में पेयजल के हाहाकार मची है. पेयजलापूर्ति बंद होने से पंचायत के करीबन 28 सौ आबादी को पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है. लोग किसी तरह दूर स्थित खड़कई नदी से पानी लाना पड़ रहा है. वहीं पंम्प हाउस के पास नदी पर बनाया गया कुंआ का जलस्तर नीचे चला गया.



**पीएचईडी विभाग से बना पंप हाउस**

सेरेंगबिल स्थित तोरलो नदी पर चाईबासा के पेयजल एवं स्वच्छता पेयजलापूर्ति विभाग द्वारा वर्ष 2017-18 में डीएमएफटी मंद के करोड़ों रूपये से बनाया गया था. इस पंप हाउस से कासेया पंचायत के सेरेंगबिल, बानाबीर, कासेया व पुंडीगुटू गांव के करीबन 28 आबादियों को पेयजलापूर्ति करना है.

#### क्या कहते हैं ग्रामीण



तोरलो नदी पर बनाया गया पंम्प हाउस से घरों तक पिछले दो माह से पेयजलापूर्ति बंद है. पेयजलापूर्ति बंद होने से हमलोगों को पानी के काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है.
**जैक्सन बिरूली, सेरेंगबिल**



पेयजलापूर्ति बंद होने से हमलोग गांव में पेयजल की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गया है. तोरलो नदी में बना पंम्प हाउस से पेयजलापूर्ति पिछले दो माह से बंद होने से परेशानी बढ़ गई है.
**सुधन डिबर, कासेया**



तोरलो नदी पर बना पंम्प हाउस का मशीन पिछले दो माह से खराब हो गया होगा. पेयजल नहीं मिलने से हमलोग खरकई नदी से पानी लाना पड़ रहा है. **सुखलाल सामड, ग्रामीण**



तोरलो नदी का जलस्तर काफी निचे चला गया. नदी पर बना पंम्प हाउस से पिछले दो माह से पानी देते बंद हो गया. इस गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. **पलमाती बिरूली, ग्रामीण**

## परिजनों ने नहीं लिया मुठभेड़ में मारे गये नक्सली का शव

### प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार



बुधराम मुंडा के परिजनों को समझाते थाना प्रभारी अंकित कुमार.

संवाददाता। चक्रधरपुर

पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना क्षेत्र के बलियाडीह जंगल में 23 मई को पुलिस व नक्सलियों के बीच हुये मुठभेड़ में मारे गये भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर बुधराम मुंडा उर्फ सोमा का शव परिजनों ने लेने से इंकार कर दिया.जिसके बाद प्रशासन ने सब अंतिम संस्कार कराया.बुधराम मुंडा के शव को परिजनों के हवाले करने के लिए कराईकेला के थाना प्रभारी अंकित कुमार घटना के बाद दो दिन परिजनों को समझाने के लिए सरायकेला-खरसावां जिला स्थित कुचाई थाना क्षेत्र रोलाहातु चारसुईक गांव भी गये थे, लेकिन परिजनों ने साफ तौर पर शव लेने से इंकार कर दिया. बुधराम मुंडा के भाई व भाभी का कहना था कि हमने कई बार बुधराम मुंडा को समझाने का प्रयास करते हुये उसे मुख्यधारा में लौट जाने का आग्रह किया था, लेकिन वह नहीं लौटा.वहीं जब भी बुधराम घर आता था हमारे साथ लड़ाई झगड़ा करता था,इसलिए हम सभी उसके साथ रिश्ता ही नहीं रख रहे थे. पुलिस-प्रशासन को जैसा लगता है वैसा करें. इधर पुलिस द्वारा समझाये जाने के बाद भी परिजनों द्वारा शव लेने से इंकार किये जाने के बाद पोड़ाहाट अनुमंडल कार्यालय द्वारा एक आदेश जारी कर मृतक बुधराम मुंडा का शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए बंदगांव के जनसेवक लाल सिंह भूमिज को प्रतिनियुक्त किया गया. जिसके बाद चाईबासा के मित्र परिषद् मुक्तिधाम में बुधराम मुंडा के शव का अंतिम संस्कार किया गया. साथ ही इसकी सूचना परिजनों को भी दे दी गई.बता दें कि 23 मई को कराईकेला थाना क्षेत्र के बलियाडीह के उत्तरी दिशा के पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों के कोबरा बटालियन 209 के जवानों और चाईबास, खुंटी के पुलिस बलों एवं भाकपा माओवादी के बीच मुठभेड़ हो गई थी,जिसमें भाकपा के एरिया कमांडर बुधराम मुंडा मारा गया था.

## दुर्घटना में मृत चालक की पत्नी को बीमा राशि का चेक सौंपा

संवाददाता। किरीबुरु

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा किरीबुरु के शाखा प्रबंधक विजय कुमार रजक एवं बीमा कंपनी द्वारा व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभुक अनिता देवी को 10 लाख एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये, कुल 12 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया. अनिता देवी के पति बस चालक साधु चरण पान, किरीबुरु के प्रोस्पेक्टिंग में रहते थे . नोवामुंडी थाना क्षेत्र में बस दुर्घटना में उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी. साधु चरण ने 500 रुपये एवं 20 रुपये का अलग-अलग वार्षिक दुर्घटना बीमा कराया था. 10 लाख रुपये के लिये लाभुक को मात्र 500 रुपये सलाना एवं 2 लाख रुपये के लिये मात्र 20 रुपये का सलाना किस्त देना पड़ता था. इस दौरान शाखा प्रबंधक विजय कुमार रजक ने अपील की कि वे हर हाल में अपना व परिवार का यह दुर्घटना बीमा कराएं. इस दौरान शाखा प्रबंधक विजय कुमार रजक, लिपिक संजय कुमार, डमरुधर नायक, बीमा कंपनी के अधिकारी, एसएचजी महिला समूह के सदस्य मौजूद थे.



## छऊ नृत्य झारखंड की पहचान : डॉ. विजय

संवाददाता। चक्रधरपुर

छऊ नृत्य हमारे झारखंड की पहचान है. साथ ही छऊ नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों को पौराणिक कथाओं के बारे में भी जानकारी मिलती है. यह बातें पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने कहीं. वे शनिवार को चक्रधरपुर प्रखंड की भरनिया पंचायत स्थित भरनिया गांव में युवा जागृति मंच के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय छऊ नृत्य कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि झारखंड व उससे सटे उड़िसा व पश्चिमी बंगाल के कई हिस्सों में छऊ नृत्य को खूब पसंद किया जाता है. हमारे झारखंड में भी छऊ नृत्य कलाकारों की कमी नहीं है.



जरुरत है तो इन कलाकारों को आगे बढ़ाने व प्रोत्साहित करने का. हमारी संस्था व मैं स्वयं क्षेत्र की संस्कृति व सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयासरत है. इस दौरान छऊ नृत्य मंडलियों ने एक से बढ़कर छऊ नृत्य पेश किये. जिसे मौजूद विशिष्ट अतिथि भरनिया पंचायत की मुखिया सरिता गागराई,गांव के समाजसेवी गंगाराम गागराई,सम्मानित अतिथि पंचायत समिति सदस्य मथुरा गागराई ने भी छऊ नृत्य को खूब सराहा. छऊ नृत्य देखने के लिए बड़ी संख्या में भरनिया पंचायत के विभिन्न गांवों के अलावे आसपास गांव के लोग जुटे थे. इस मौके पर युवा जागृति मंच भरनिया कमेटी के अध्यक्ष तुलसी गोप, उपाध्यक्ष विजय नायक, सचिव गुरुचरण नायक, नरेन्द्र गोप, अजय नायक, दामु गागराई, मिनो नायक, समेत अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

## पांच दिवसीय माता शीतला पूजा 7 से, तैयारी हुई शुरू



**गुड़ाबांदा** । चक्रधरपुर के रेलवे स्टेशन के समीप स्थित गार्ड बारिक में आगामी 7 जून से माता शीतला पूजा प्रारंभ हो रहा है.जिसकी तैयारियां शुरु कर दी गई है. इसे लेकर शनिवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने माता शीतला पूजा के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि 7 जून से शुरु होने वाले पांच दिवसीय माता पूजा से पूर्व गार्ड बारिक स्थित शीतला मंदिर में 5 जून को राटा पूजा किया जाएगा.

### ब्रीफ खबर

#### जागरूकता कार्यक्रम में नशे से हानि बताएंगे



**चाईबासा** । झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची तथा विश्वनाथ शुक्ला अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के निर्देश पर नशे के हानिकारक प्रभाव विषय पर हितधारकों के साथ आवश्यक बैठक संपन्न हुई. इस बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने की. उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ज़िले में नशापान के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम अभियान की तरह आरम्भ किया जा रहा है, इसके तहत नालसा स्कीम 2015 के आलोक में गांव गांव पंचायत और प्रखंड स्तर पर निरंतर जागरुकता अभियान कार्यक्रम किया जायेगा और ग्रामीणों, स्थानीय लोगों को नशे से बचाने के यथा संभव प्रयास किया जायेगा. प्राधिकार ऐसे मामलों में सकारात्मक रूप से पहल करने को प्रतिबद्ध है.उन्होंने बताया कि उपरोक्त के तहत 26 जून को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफकिंग दिवस पर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है.

**आयोजन** चाईबासा में 17 दिवसीय समर कैम्प का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न

# बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, समय का महत्व समझा

संवाददाता ।चाईबासा

प. सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा बिहारी क्लब, चाईबासा में आयोजित 17 दिवसीय समर कैम्प का समापन समारोह कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी रूपारानी तिर्की एवं झारंखड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश शामिल हुए. साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी जय गिरि गोस्वामी उपस्थित रहे.



सर्व प्रथम कोच सह सचिव अनुराग शर्मा और कैम्प को ऑर्डिनेटर दिनकर शर्मा ने स्मृति-चिन्ह भेंट कर सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया. 17 दिनों तक चले इस समर कैंप में बच्चों को ताइक्वांडो के बेसिक मूव्स के साथ आत्मरक्षा, व्यक्तित्व विकास, बॉडी मूवमेंट, बॉडी कंट्रोल एवं विभिन्न प्रकार के थियेटर गेम्स का प्रशिक्षण कोच सह जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अनुराग शर्मा और फिल्म-सिरियल अभिनेता सह स्टोरी टेलर दिनकर शर्मा के द्वारा दिया गया. इस समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाकर जीवन में आनेवाली चुनौतियों से विचलित न होकर संघर्ष करने तथा परिश्रम और समय प्रबंधन की महत्ता को समझना था. बच्चों में प्रशिक्षण के दौरान गजब का उत्साह रहा. समापन समारोह में बच्चों ने कैम्प के दौरान सीखे विभिन्न किक्स, बेसिक पुमसे व फ्री स्टाइल पुमसे का प्रदर्शन उपस्थित दर्शकों और अतिथियों के समक्ष किया. जिसे अतिथियों और दर्शकों की भरपूर सराहना मिली.

रूपारानी तिर्की ने खिलाड़ियों के बीच अपने खेल जीवन के अनुभव को साझा करते हुए परिश्रम, अभ्यास और अनुशासन के साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाते हुए समर कैम्प और कोच अनुराग शर्मा की प्रशंसा की. झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने खेलकूद के महत्व को बताते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग करने की बात कही. कैम्प के दौरान राष्ट्र और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था.

इस समर कैम्प में प्रत्यूष कुमार, शादाब सलीम,सनाउल मुस्तफा, महेश जोंको, खुशी कु. गुप्ता, ओम कु. राम, अतुल रंजन, पायल दत्ता, हरेंद्र कु.टुडू, स्वेच्छा यादव, अदिती सवैंया, नुपुर सवैंया, निशा बिरुवा, संजना कुरली, रिमिल रिया हांसदा, नंदलाल चातर, सोनाली लुगुन, अशजीत सावन पूर्ती, ईशा किरण पूर्ती, प्रीशी पाड़ेया, अलीशा सिंह कुंटिया, अभीजीत लागूरी, अनुप्रिया बोदरा, सरस्वती आलडा, नमन मुरली हेंब्रम, अंशुमन बानरा, प्रतीक्षा भारती, शौलभ शौर्य सुंबरुई,नेंसी टोपनो, जैजलीन कोर, शिवम कुजूर, अरनव सिन्हा, आकृति पूर्ती,अदिति सुंडी, सुशील सुंडी, हेतवी दरबार, यशनील सुंडी, नैतिक बिनोद कुदादा, गोपाल अग्रवाल, ईशा बिरुआ, हिमांशु बिरुआ, प्रेरना पाड़ेया, राहुल आदित्य बिरुआ, मिस्टी पाड़ेया, कृतिका सामड, हर्षित मुंडा, मोहित कुमार और अमन सवैंया ने प्रशिक्षण प्राप्त किया.

समापन समारोह में सभी बच्चों को अतिथियों के कर कमलों से प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया.

#### खास बातें

- शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया
- बच्चों ने कैम्प के दौरान दिखाया गजब का उत्साह

## सेल के जीएम को दी विदाई



**किरीबुरू** । किरीबुरु के महाप्रबंधक प्रभारी (इलेक्ट्रिकल) बालकृष्ण मिंज समेत पांच पदाधिकारी 31 मई को सेवानिवृत्त हुए. इस अवसर पर सीजीएम कमलेश राय के नेतृत्व में किरीबुरु प्रबंधन ने एचआरडीसी सेंटर में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया. मौके पर सीजीएम ने सभी को डीनर सेट, प्रशस्ति पत्र और अन्य उपहार भेंट किये. सेवानिवृत्त होने वालों में बालकृष्ण मिंज के अलावा जलधर करुआ (टीसीओ), करुणाकर करुआ (सीनियर इलेक्ट्रीशियन), ममता नायक (एसीजेटी, चिकित्सा विभाग) और कुंजबिहारी नायक (सीनियर तकनीशियन) शामिल हैं. सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि महाप्रबंधक बी के मिंज समेत पांचों सेलकर्मी किरीबुरु खदान के विभिन्न विभागों के स्तम्भ थे. सभी ने किरीबुरु खदान को अपना करीब 35-40 वर्ष का बहुमूल्य योगदान दिया. सभी ने उत्पादन और उत्पादकता की रीढ़ बन खदान को नयी उंचाईयों पर पहुंचाया है. समारोह में महाप्रबंधक राम सिंह, महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे, महाप्रबंधक सुदीप दास, महाप्रबंधक सुकरा हो, उप महाप्रबंधक अमित कुमार विश्वास, सहायक महाप्रबंधक रथिन विश्वास, रमेश सिन्हा, सुरेश पान, दिलीप झा आदि मौजूद थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### वज्रपात की चपेट में आने से दो गाय की मौत

**झुमरी तिलैया।** तिलैया थाना क्षेत्र के मडुआटांड़ छठ तालाब के समीप शनिवार की दोपहर बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दो गाय की मौत हो गई. घटना को लेकर खटाल संचालक मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि खटाल के समीप एक जलेबी की पेड़ के नीचे उन्होंने अपने करीब 32 पशुओं को बांधकर रखा था. इसी दौरान दोपहर में अचानक बारिश के दौरान वज्रपात हुई. जिसकी चपेट में आने से दो गाय की मौके पर ही मौत हो गई. जिसमें उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है. उन्होंने बताया की करीब एक महीने पहले वह गाय को रोहतास जिले में आयोजित पशु मेला से खरीद कर लाए थे.

### अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई का पुनर्गठन

**हजारीबाग।** अधिवक्ता परिषद, झारखंड की हजारीबाग जिला इकाई की बैठक आशीष कुमार ओझा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला न्यायालय के लाईब्रेरी में की गई. जिसमें अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेन्द्र कुमार मिश्र, प्रान्तीय उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय, प्रान्तीय संगठन आयाम टोली के सदस्य हराधन प्रमाणिक व लीना मुखर्जी विशेष तौर पर उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आशीष ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया. बिनोद कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की. कोषाध्यक्ष कपिलदेव कुमार राणा ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया. बैठक में परिषद के कार्यकलापों पर वक्ताओं ने चर्चा करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरल, सुलभ व सस्ता न्याय दिये जाने की बातें कहीं.

### मंडल कारा में योग प्रशिक्षण का समापन

**झुमरीतिलैया।** गायत्री परिवार और पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में सात दिवसीय योग प्रशिक्षण संपन्न हुआ. इसमें मंडल कारा के कैदियों ने अलग-अलग विधियों की योग संबंधित जानकारी प्राप्त किया. बताया गया कि स्वस्थ शरीर में स्वच्छ मन का वास होता है. योग करें ओर निरोग रहें. निरोग के नारों को भी बुलंद किया गया. बताया गया कि योग से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक परिशुद्धता का लाभ मिलता है. मौके पर माता गायत्री और पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य की तस्वीर भी कैदियों को दी गई. गायत्री शक्तिपीठ की महिला मंडल की सह संचालिका सुनीता भगत, पतंजलि योग समिति की कलावती देवी, योग परिवार के देवराज पांडेय ने योग सिखाने में भूमिका निभाई.

### श्री राधा-कृष्ण मंदिर झुमरी में भजन संध्या

**झुमरी तिलैया।** श्री राधा-कृष्ण मंदिर झुमरी में लाड़ली जू के लाड़ले भजन मंडली के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया. इस मौके पर राधा-कृष्ण का आकर्षक श्रृंगार किया गया. मौके पर स्थानीय भजन कलाकारों ने दरबार और तालाब के बीच में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया. वहीं लाड़ली जू के लाड़ले समिति के नीतीश गुप्ता एवं नीतीश वर्णवाल ने बताया कि प्रति दिन संध्या 7:30 बजे से 9 बजे तक भजन कार्यक्रमों का आयोजन होता है. यहां स्थानीय कलाकार दरबार में पहुंचकर भगवान कृष्ण और राधा को भजनों के माध्यम से रिझाने का काम करते हैं.

---

हजारीबाग दामोदर घाटी निगम के परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन समारोह

# डीवीसी ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग दामोदर घाटी निगम के परियोजना में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया. बताडी के दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग स्थित विभिन्न कार्यालयों में 16 मई से स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा था. पखवाड़ा के तहत शनिवार को स्वच्छता पर लघु संगोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित किया गया.



सफाई कर्मी को सम्मानित करते परियोजना के अधिकारी

विभिन्न कार्यालयों में साफ-सफाई का दायित्व निभाने वाले चतुर्थवर्गीय कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह में सफाई कर्मियों को सफाई मित्र कह कर संबोधित किया गया. इन सभी सफाई मित्रों को नगर निगम के सिटी मैनेजर राजीव रंजन कुमार, दामोदर घाटी निगम के निदेशक (भूसंवि) व परियोजना प्रधान संजय कुमार ने सम्मानित किया. उन्होंने हजारीबाग परियोजना को सफाई की दृष्टि में डीवीसी के आदर्श परियोजना के रूप में मानते हुए सभी सफाई मित्रों का आभार प्रकट किया. कहा कि आपके अथक सहयोग से हमलोग अपने परिसर को साफ-सुथरा रख पाते हैं यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की अनुभूति है. स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान नुक्कड़-नाटक, शैक्षणिक संस्थाओं में दो दिवसीय स्वस्थ जीवन शैली पर परिचर्चा का आयोजन और संगोष्ठी के साथ-साथ डीवीसी मंदिर परिसर की सफाई एवं स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया.

**मिला सम्मान**

- शैक्षणिक संस्थाओं में स्वस्थ जीवन शैली पर परिचर्चा
- स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान नुक्कड़-नाटक हुआ
- इस दौरान डीवीसी मंदिर परिसर की सफाई की गई

कार्यक्रम का संचालन डीवीसी के डॉ जितेंद्र झा ने किया. उन्होंने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि सफाई को हमें अपने दैनिक आदत में शामिल करना होगा तभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों एवं प्रधानमंत्री के प्रण को सकल रूप दे सकेंगे. समारोह को संबोधित करते हुए भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि हमारे चिकित्सा अधिकारी स्वयं सफाई में दिलचस्पी लेते हुए खुद से भी सफाई करते हैं.

---

# मंडा पूजा को लेकर श्रद्धालु शिव भक्ति में हुए सराबोर



हेमतपुर में मंडा पूजा में लोटन सेवा में शामिल भक्त

**संवाददाता। रामगढ़**

गोला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हेमतपुर में मंडा पूजा के पूर्व शनिवार दोपहर को तपती धूप में शिव भक्त गोमती नदी में स्नान कर खुले बदन लोटन सेवा करते हुए शिवालय पहुंचे. पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा एवं पुरोहित सुरेश उपाध्याय की देखरेख में पूजा-अर्चना के साथ लोटन सेवा किया गया. बताया जाता है कि निर्जला उपवास में चल रहे भक्तगण को स्नान कर लोटन सेवा देने का रिवाज सदियों से चला आ रहा है.

---

भाजपा के मनीष और इंडिया गठबंधन के जेपी के बीच है मुकाबला

# अब परिणाम को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तेज

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग संसदीय क्षेत्र मे मतगणना की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है. वैसे-वैसे प्रत्याशियों के दिल की धड़कनें तेज होने लगी हैं. चार जून को ही मतगणना के बाद चुनावी नतीजे सामने आ जाएंगे. इसी के साथ यह तय हो जाएगा कि हजारीबाग का सांसद किस पार्टी का होगा. भाजपा का या फिर इंडिया गठबंधन का. या फिर जेबीकेएसएस की पार्टी का. इस समय देश में जो बदलाव की बयार बहने की बात कही जा रही है, उसका भी असर दिखेगा. इसी बात को लेकर शहर के चौक चौराहों से लेकर गांव के चोपालों पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो उठा है.

लोग अभी से ही हार जीत का अनुमान लगाने लगे हैं. इस बात पर बहस हो रही है कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल इस हॉट सीट को बरकरार रखेंगे या कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल झंडा लहराएंगे या जेबीकेएसएस के संजय मेहता का कब्जा होगा. इस बात पर सट्टा बाजार गर्म हो उठा है. समर्थक हजारों और लाखों दाव पर लगा रहे हैं. सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद है. लोकिन चार जून को विजय जुलूस जश्न मनाने की तैयारी भाजपा, इंडिया गठबंधन और जेबीकेएसएस पार्टी में शुरू हो गई है.

फूल माला से लेकर पटाखे और मिठाई बुक कराए जा रहे हैं. वहीं चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर शांति व सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बाजार समिति स्थित बनाए गए मतगणना केंद्र पर पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ यातायात में फेर बदल किया है. मतगणना केंद्र बीएसएफ, सीआरपीएफ और जिला पुलिस सहित तीन घेरे में होगा. प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे.

किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के संभावना को देखते हुए सभी विधानसभा वार मतगणना केंद्र की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी. वहीं 360 डिग्री कवरेज करने वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं.



हजारीबाग का मतगणना केंद्र

**चार जून को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी**

एक घंटा पूर्व कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव आयोग के नियुक्त पर्यवेक्षक, निर्वाची पदाधिकारी और अभ्यर्थी या उनके एजेंट की उपस्थिति में ब्रज गृह को खोला जाएगा. फिर आठ बजे से मतगणना शुरू होगी. मतगणनाकर्मी सुबह छह बजे ही मतगणना केदो पर पहुंच जाएंगे. अनुमति पत्र के बाद ही मतदान केंद्रों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी. उम्मीदवार एजेंट और मतगणना के लिए नियुक्त सरकारी कर्मी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्रवेश की लिखित अनुमति लेनी होगी. तभी वह मतगणना केंद्र के हाल में जा सकते हैं. रिटर्निंग ऑफिसर के इजाजत के बिना मतगणना केंद्र में किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा. किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति और फोटोग्राफर को बिना सक्षम अधिकारी की इजाजत के बिना के एंट्री नहीं दी जाएगी.

**पुलिस अलर्ट**

- मतगणना केंद्र जिला पुलिस सहित तीन घेरे में होगा
- फूल- माला से लेकर पटाखों व मिठाइयों की हो रही बुकिंग
- मतगणना के दिन चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था
- फिलहाल ईवीएम में कैद है सभी प्रत्याशियों की किस्मत

**यातायात व्यवस्था में किया जाएगा फेरबदल**

चार जून को शहर में यातायात व्यवस्था में फेर बदल किया जाएगा. राष्ट्रीय उच्च पथ 33 पर हजारीबाग से नगवा तक बड़े वाहनों की प्रवेश की इजाजत नहीं होगी. रांची जमशेदपुर से आने वाले सभी वाहन बाईपास से गुजरेंगे. कोनार चौक और नगवा चौक पर शहर में बड़ों का प्रवेश रोकने पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति किया जाएगा. जिप चौक से लेकर मतगणना केंद्र तक तथा नगव से लेकर मतगणना केंद्र तक ओटो टोटो नहीं चलेंगे. अवैध पार्किंग रोकने के लिए पुलिस का प्रबंध किया गया है. वही अधिकारियों को भी निर्धारित जगहों पर सरकारी वाहनों को प्रवेश करने के लिए कहा गया है.

---

टाटा स्टील कंपनी के क्वारी एबी ओपन कास्ट खदान में उठा धुआं

# खदान में अचानक निकला धुएं का गुब्बार

**संवाददाता। रामगढ़**

घाटो इलाके के बारूघाटू उत्तरी पंचायत स्थित ग्राम बंजी में टाटा स्टील कंपनी के क्वारी एबी ओपन कास्ट खदान पर अचानक धुआं का गुब्बार उठने लगा.

इससे वहां दहशत फैल गई. अचानक खदान से धुआं का गुब्बार उठता देख बंजी और आसपास के ग्रामीणों खौफजदा हो गए. जिस स्थान पर धुआं निकल रहा था, वह जगह यज्ञ मंडप के पीछे स्थित सरना स्थल के समीप स्थित है. स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर तत्काल टाटा स्टील कंपनी के अधिकारियों को जानकारी दी. जिसके बाद कंपनी की टेक्निकल टीम इस पर पर काबू पाने में जुट गई है. इधर, जब स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी और संबंधित घटना का विडियो भेजा तो वह भी घाटो पहुंच गए.



बंजी में घटना की जानकारी लेते भाजपा लोस प्रत्याशी मनीष जायसवाल.

बंजी पहुंच कर ग्रामीणों से घटना की पूरी जानकारी ली. उसके बाद उन्होंने टाटा स्टील कंपनी के संबंधित ओपेन कास्ट खदान के अंदर जाकर धुआं के प्वाइंट को देखा. उन्होंने टाटा स्टील के तकनीकी अधिकारियों से भी बात की. मनीष जायसवाल ने टाटा स्टील के अधिकारियों से आग्रह किया कि ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए कोयला उत्खनन के तरीकों को बदलें. मनीष ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है. परिवार के हरेक सुख- दुख में सहभागी बनकर आपके बीच खड़ा रहूंगा.

### पानी के लिए भटक रहे हैं चोरदाहा के ग्रामीण

**चौपारण।** झारखंड-बिहार सीमा पर चोरदाहा पंचायत में पानी की समस्या को लेकर गामीण काफी परेशान हैं. मुखिया व पंचायत समिति सदस्य, उपमुखिया, वार्ड सदस्य एवं जनप्रतिनिधि ने पीएचइडी विभाग को लिखित रूप से आवेदन दिया है. जिसके बाद भी विभाग समस्या को लगातार अनदेखी कर रहा है. मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजकुमार यादव ने कहा कि पीएचइडी विभाग के जेई को पानी की समस्या अवगत कराया गया है. लेकिन विभाग की ओर से चापानल का सामान उपलब्ध नही होने का हवाला देते हुए कन्नी काटा जा रहा है. चोरदाहा के मियां टोला के ग्रामीण भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटकने पर विवश हैं. नाजिया प्रवीण ने कहा कि पानी के एक एक बूंद के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है.

# 5000 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा पासवा



बैठक में शामिल पासवा के सदस्य

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग स्थित इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने बैठक की. प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिले के छात्रों का प्रतिभा सम्मान का फैसला लिया गया. झारखंड बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं में 70 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले 5000 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. इस संबंध में पासवा अपना व्हाट्सएप नंबर तथा ईमेल आईडी जारी करेगी जिसमें जिले के विद्यार्थीगण अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा पाएंगे. एफिलिएटिड स्कूल की संस्था सहोदया भी इस कार्यक्रम में सहयोगी की भूमिका निभायेगी.

---

# डेबो से तीन बच्चों के साथ महिला लापता, सनहा दर्ज



**संवाददाता। चौपारण**

हजारीबाग के चौपारण प्रखंड अंतर्गत डेबो गांव से एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ पिछले तीन दिनों से लापता हो गई है. इस संबंध में महिला के ससुर देवचरण पासवान पिता स्व विशुन पासवान ने थाने में लिखित शिकायत किया है.

आवेदन में लिखा है कि 28 मई को दिन के लगभग दो बजे बहु सोनी देवी (27) पति ललन पासवान अपने साथ तीन बच्चों 14 वर्षीय क्रम कुमार, 11 वर्षीय विराट कुमार और 9 वर्षीय सोहानी कुमारी को लेकर मायके (ग्राम भलुआ, थाना बाराचट्टी, जिला गया, बिहार) जाने की बात कहकर निकली थी. लेकिन वह मायके नहीं पहुंची है और अपने साथ लेकर गई मोबाइल नंबर पर फोन करने पर स्वीच ऑफ बता रहा है. महिला के पति ललन पासवान घर से बाहर रहकर काम करता है. अब तक महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है कि वह इस वक्त कहां है. महिला के ससुर ने थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज करते हुए खोजबीन करने का आग्रह किया है.

### मार्खम कॉलेज में वोकेशनल कोर्सेस में नामांकन शुरू


**हजारीबाग।** मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में त्रिवर्षीय स्नातक वोकेशनल कोर्सेस में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. सत्र 2024-27 नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी चांसलर पोर्टल www.jharkhanduniversit.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. नामांकन के लिए सीयूईटी की परीक्षा में शामिल होना आवश्यक नहीं है. गौरतलब है कि मार्खम कॉलेज में त्रिवर्षीय वोकेशनल कोर्स में चार विषयों में पढ़ाई होती है, जिसमें बीजेएमसी, बीबीए, बीएमएलटी व बीसीए पाठ्यक्रम शामिल हैं. सभी वोकेशनल कोर्स में सीटें निर्धारित हैं. अपनी रूचि के अनुसार विद्यार्थी वोकेशनल कोर्स की डिग्री हासिल कर अपना करियर बना सकते हैं. बैचलर इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को 45 प्रतिशत अंक के साथ किसी भी स्ट्रीम (साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स) में इंटरमीडिएट या 10 2 पास होना अनिवार्य है.

# पुलिस ने बनिवाटांड़ से डोडा, गांजा जब्त किया

**संवाददाता। चौपारण**

चौपारण थाना क्षेत्र में पहली बार डोडा पीसने का मशीन बरामद किया गया है. इस संबंध मे थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि बनिवाटांड़ गांव के संतोष कुमार एवं कबिलास गांव के पवन टूटी के द्वारा अपने-अपने घर में तस्करी करने के लिए भारी मात्रा में डोडा, डोडा चूर्ण तथा गांजा जमा करके रखा है.

इस सूचना का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बरही डीएसपी सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी, चौपारण दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. छापामारी दल के द्वारा करीब 04:45 बजे सुबह बनिवाटांड़ स्थित संतोष कुमार के घर छापा मारा गया. छापामारी के क्रम में संतोष कुमार अपने घर से फरार पाया गया. घर का तलाशी लेने पर संतोष के घर से प्लास्टिक की 10 बोरियों में भरकर रखा 175.9 किलो ग्राम खड़ा डोडा, प्लास्टिक की दो बोरियों में भरकर रखा 66.9 किलो ग्राम डोडा चूर्ण एवं एक किलो गांजा बरामद हुआ. वहीं से डोडा पिसने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला दो मशीन तथा वजन करने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन बरामद हुआ. जिसे जब्त करते हुए करीब 06:00 बजे कविलाश गांव पहुंचकर पवन दुटी के घर पर छापामारी किया गया. छापमारी के कम में पवन घर से फरार मिला.



पुलिस ने प्लास्टिक के बोरों में रखा डोडा और गांजा बरामद किया.

उसके घर की तलाशी के कम में पांच प्लास्टिक की बोरियों में भरकर रखा 63.5 किग्रा खड़ा डोडा बरामद हुआ. दोनों घर से कुल दो क्विंटल 39 किलोग्राम खड़ा डोडा एवं 66.9 किग्रा डोडा चूर्ण (3 क्विंटल 6 किग्रा डोडा) तथा एक किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. जांच के क्रम में पता चला कि संतोष पूर्व में भी डोडा, अफीम के केस में जेल जा चुका है. वर्तमान में आसपास के क्षेत्रों से भारी मात्रा में डोडा लाकर अपने घर में डोडा का चूर्ण बनाकर तस्करी करने की तैयारी में था. इस संदर्भ में चौपारण थाना में केस दर्ज कर अनुसंधानभार पुअनि निलेश कुमार रंजन को सौंपा गया. छापामारी दल में बरही डीएसपी सुरजीत कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, सअनि मनोज कुमार सिंह एवं चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.

**डोडा मशीन**

- चौपारण में डोडा पीसने की मशीन बरामद की गयी
- संतोष के घर से 175 .9 केजी खड़ा डोडा जब्त हुआ

---

**कार्यशाला** सरला बिरला विश्वविद्यालय में कार्यशाला के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया

# एसबीयू में 14 से शिक्षा संस्कृति न्यास की चार दिवसीय कार्यशाला

**संवाददाता। हजारीबाग**

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का चार दिवसीय शैक्षिक सह अभ्यास वर्ग का आयोजन रांची स्थित सरला सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) में 14 से 17 जून तक आयोजित किया जाएगा. इसके लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है. इसकी जानकारी झारखंड राय विश्वविद्यालय के कुलपति सह न्यास की क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर सविता सेंगर ने दी.

उन्होंने स्वागत समिति के पदाधिकारियों की नाम की घोषणा की. इस दौरान सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह उपस्थित थे. स्वागत समिति में संरक्षक के पद पर विकास भारती झारखंड के सचिव पद्मश्री अशोक भगत, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, झारखंड के प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव, विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा जी राव और सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक नियुक्त किये गए. वहीं अध्यक्ष पद पर राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और उपाध्यक्ष पद पर रांची के विष्णु जालान, कुणाल आजमानी, मनीष कुमार एवं जमशेदपुर के प्रभाकर सिंह नियुक्त किये गए. महामंत्री के पद पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति, नई दिल्ली की सदस्या आशा लकड़ा व मंत्री के पद पर खादी ग्रामोद्योग आयोग, नई दिल्ली के सदस्य मनोज सिंह, रांची के स्नेह ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन तुपुदाना के निदेशक डॉ रश्मि, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ रांची के सचिव डॉ ज्योति प्रकाश, भारतीय शिक्षण मंडल और झारखंड के अध्यक्ष डॉ रणजीत मिश्रा की नियुक्ति की गई.



स्वागत समिति के गठन की जानकारी देते प्रोफेसर सविता सेंगर

**शैक्षिक कार्यशाला**

- स्वागत समिति के संरक्षक बने पद्मश्री अशोक भगत
- स्वागत समिति के अध्यक्ष बने सांसद डॉ प्रदीप वर्मा

स्वागत समिति के सदस्य के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ क्षितिज भूषण दास, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार सिंहा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य, सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के कुलपति प्रोफेसर विमल प्रसाद सिंह, झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ डीके सिंह, एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के कुलपति डॉ मंटुन कुमार सिंह, साईनाथ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति प्रोफेसर एसपी अग्रवाल, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय रांची के कुलपति प्रोफेसर मधुलिका कौशिक, राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के कुलाधिपति बैद्यनाथ साहा, वाईबीएन विश्वविद्यालय रांची के कुलपति रामजी यादव, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ एस चटर्जी, एनटीपीसी लातेहार के महाप्रबंधक आरबी सिंह, डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत प्रमुख प्रोफेसर पंकज कुमार, अरका जैन विश्वविद्यालय जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर अंगद तिवारी, सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची की प्राचार्या परमजीत कौर के नामों की घोषणा की गई.

# मुआवजा दिया नहीं और मकान तोड़ने के लिए पहुंच गई कंपनी

**संवाददाता। चौपारण**

चौपारण प्रखंड के जीटी रोड पिपरा में फोरलेन से सिक्स लेन चौड़ीकरण में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया उलझ गई है. ग्रामीणों को मुआवजा मिला नहीं है और मकान तोड़ने के लिए कंपनी पहुंच गई है. जिस पर ग्रामीण नाराज हैं. बताया जाता है कि एनएचएआई एवं जिला भू अर्जन विभाग द्वारा ग्राम पिपरा के भूमि और मकान का नापी किये लगभग तीन साल हो गए.

जिला भू अर्जन ने सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत रैयतों को नोटिस दे दिया. एक दिन गांव आकर नोटिस देने के बाद जिला भू अर्जन कार्यालय में आकर नोटिस लेने का फरमान जारी कर दिया गया. पिपरा के रैयत कार्यालय जाकर नोटिस लेने लगे. लेकिन वहां भी कमजोर रैयतों को नोटिस नहीं मिला. इसमें सीताराम कुमार राणा का प्लॉट संख्या 2116/1, अवध राणा प्लॉट संख्या 1976, देवा साव प्लॉट संख्या 1270, रामखेलावन साव प्लॉट संख्या 1461, श्यामदेव साव प्लॉट संख्या 1270 है. इसी तरह अन्य लोग भी हैं, जिनका मकान का नापी हुआ और नोटिस के लिए कार्यालय का चक्कर लगाने के काफी दिन बाद कुछ लोगों को मिला. सभी रैयतों ने भू-अर्जन कार्यालय में आवेदन देकर बने हुए अवार्ड दिखाने की मांग की है. सीताराम राणा ने कहा कि कार्यालय के कर्मियों का कहना है कि आप लोगों का अवार्ड बना है. वह नहीं मिल रहा है. कोई अधिकारी अपना गलती मानने को तैयार नहीं है.

